Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of bridges on River Rapti in Uttar Pradesh -laid.

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): हमारे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती एक अति पिछड़ा हुआ क्षेत्र है जो विश्व प्रसिद्ध प्राचीन बौद्ध स्थल है । यहाँ जहां देश दुनिया से लाखों बौद्ध अनुयायी और पर्यटन प्रतिवर्ष घूमने आते हैं । यहां श्रावस्ती जिला के अंतर्गत गिलौला सिसवारा संपर्क मार्ग जो भिंगा जिला मुख्यालय को जोड़ता है राप्ती नदी सिसवारा (भरथापुर) घाट पर पक्का पुल की आवश्यकता है जो लगभग 100 गांव को जिला मुख्यालय से जोड़ता है । और दूसरा राप्ती नदी पर मथुरा घाट पुल जो बलरामपुर और श्रावस्ती को जोड़ने वाला एकमात्र मुख्य पुल है, जिससे होकर दोनों जिलों के लगभग 250 से अधिक गांवों के लोगों के आने जाने के लिए यह मुख्य मार्ग है, लेकिन पक्का पुल ना होने की वजह से कटरा कस्बे से मथुरा कस्बे की दूरी लगभग 30 किमी पड़ जाती हैं । सरकार से मांग है कि जनहित को देखते हुए राप्ती नदी सिसवारा (भरथापुर) घाट पर पक्का पुल व राप्ती नदी पर मथुरा घाट पुल जो बलरामपुर और श्रावस्ती को जोड़ने वाला एकमात्र मुख्य पुल है, इन दोनों पुलों को पक्का पुल का निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए ।